दिनांक 4 दिसंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अवैध रूप से किए गए बाउंड्रीवॉल निर्माण को निगम की जेसीबी ने ढहाया,अवैध निर्माण को लेकर निगम हुआ सख्त

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के शांतिनगर क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से निर्माण किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर निगम का अमला पहुंचकर जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर पटवारीबाड़ी के समीप अनाधिकृत रूप से निर्माण किए गए बाउंड्रीवाल ,अस्थाई झोपड़ी को जेसीबी से हटाकर मूल स्वरूप में आज तब्दील करने की कार्यवाही की तथा बाउंड्री वॉल निर्माण के उपयोग में लाए जाने वाली सामग्री सीमेंट नुमा प्लेट को भी जप्त किया गया इस दौरान कोई भी भूखंड मे निर्माण के मालिकाना हक के दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया और न ही उपस्थित हुआ! इसी प्रकार दीक्षित कॉलोनी कोसानगर सड़क 9 में राय डेयरी के पास नाला के समीप बाउंड्रीवॉल खड़ा कर अवैध निर्माण करने की शिकायत प्राप्त होने पर आज जोन क्रमांक 1 के राजस्व विभाग की टीम ने मौका निरीक्षण करते हुए निर्माणाधीन बाउंड्री वाल को हटाकर बेदखल कर दिया! निगम भिलाई द्वारा पूर्व में भी कई दफा अवैध निर्माण , अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जाती रही है ! गत दिवस ही कुरूद क्षेत्र में ही इसी प्रकार की कार्यवाही की गई है , देखने वाली बात यह है कि अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले सामने उपस्थित नहीं होते हैं परंतु मार्ग संरचना आदि तैयार कर प्लाट को विक्रय हेतु तैयार कर देते हैं तथा निर्माण कार्य प्रारंभ कर देते हैं! हाल ही में निगम द्वारा कंडम पड़ी वाहनों को यातायात विभाग के साथ मिलकर संयुक्त रूप से हटाने की कार्यवाही भी की गई थी! निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अवैध प्लाटिंग , अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं इस बाबत पत्र भी जारी किया जा चुका है

जल है तो कल है

जल ही जीवन है !